संविधान लिखित, अलिखित की परिभाषा [pdf]

वैसे तो भारत का संविधान बहुत पुराना माना जाता है जब इस देश में महान सम्राट अशोक और विक्रमादित्य जैसे हुआ करते थे लेकिन साक्ष्य न मिलने के कारण किसी के पास प्रमाण नहीं है, ज्यादातर अभियार्थी, पाठकों या इतिहास के जानकारों से संविधान के बारे में पूछेंगे तो वह 19वीं सदी के भारत के संविधान की बात करेंगे, यह लेख भारतीय संविधान, परिभाषा तथा लिखित और अलिखित के बारे में आधारित है|

संविधान की परिभाषा:-

कानून और नियमों का ऐसा संग्रह जिसमें मानव का सर्वागीण (पूर्णतः) विकास होता है उसे संविधान कहते है, संविधान से कानून बनते और कानून से नियम बनाये जाते है|

संविधान दो प्रकार के होते है :-

1- लिखित संविधान (भारत, U.S.A.)
2- अलिखित संविधान (ब्रिटेन, सऊदी अरब)

महत्वपूर्ण तथ्य तथा रिसर्च :-

विश्व में सबसे पहले संविधान का विचार ब्रिटेन के सर हेनरी ने दिया था |

विश्व में सबसे कठोर संविधान usa (अमेरिका) का है |

विश्व में सबसे लचीला संविधान ब्रिटेन का है |

ब्रिटेन का संविधान अलिखित है |

विश्व में सबसे पहले लिखित संविधान प्रस्तुत करने वाला देश अमेरिका है|

ब्रिटेन का संविधान सबसे पुराना माना जाता है|

लिखित संविधान में दुनियां के किसी भी देश से तुलना करें तो भारत देश का लिखित संविधान सबसे बड़ा है और ऐसा किसी देश का संविधान नहीं है जैसा भारत देश का संविधान है यह कठोर एवं लचीला दोनों है |

भारतीय संविधान दुनियां का सबसे बड़ा और लोकतान्त्रिक संविधान माना है जिसमें 146384 शब्द है|

विश्व का सबसे छोटा संविधान मोनाको (यूरोप) का है जिसमें मात्र 3814 शब्द है |

भारत में सर्वप्रथम संविधान का विचार मानवेंद्र नाथ राय ने दिया था|

भारत में सर्वप्रथम संविधान की मांग करने वाला दल स्वराज दल था|

भारत में सर्वप्रथम संविधान की मांग करने वाले व्यक्ति मोती लाल नेहरु थे लेकिन इसको जनता तक ले जाने का श्रेय भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु को जाता है |

भारतीय संविधान की प्रकृति :-

इस संविधान की प्रकृति संघात्मक है यदि अमेरिका के संविधान से तुलना करें तो दोनों में बहुत अंतर देखने को मिलता है, क्योंकि वहाँ का संविधान संघ नहीं है तथा केंद्र को ज्यादा और राज्य को कम शक्तियां प्राप्त है |

भारतीय संविधान का उद्देश्य :-

इसका उद्देश्य कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना है ताकि यहाँ रहने वाले प्रत्येक मनुष्य को उसका अधिकार मिल सके, यहाँ तक कि जीने का अधिकार, भोजन का अधिकार, किसी भी रही में जाने का अधिकार ..आदि |

भारतीय संविधान के पिता डाक्टर भीमराव अम्बेडकर को कहा जाता है, इनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में, मह्‌ (इंदौर) में हुआ था और 6 दिसंबर 1956 को

इनका देहांत हुआ था| इनको बाबा साहेब के नाम से जाना है तथा भारतीय संविधान के जनक के नाम से भी जाना जाता है ||

यह पहले व्यक्ति थे जिनको डाक्टर की उपाधि दी गयी थी, इन्होने इकोनोमिक्स से पी. एच. डी की थी| इंदौर जिले के महू को वर्तमान में अम्बेडकर नगर से जाना जाता है |

भारत में सर्वप्रथम संविधान की मांग किसके द्वारा की गयी थी?

मोती लाल नेहरु के द्वारा की गयी थी जो भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पिता थे |

भारत में सबसे पहले संविधान की मांग किस दल ने की थी?

स्वराज दल

भारत में सर्वप्रथम संविधान का विचार किसने दिया था?

मानवेंद्र नाथ राय

विश्व का सबसे छोटा संविधान किस देश का है?

यूरोप का एक देश मोनाको है जिसका संविधान सबसे छोटा है मात्र 3814 शब्द है, जब मोनाको देश नहीं बना था उससे पहले सबसे छोटा संविधान अमेरिका का था|

भारतीय संविधान में कितने शव्दों का उल्लेख है?

146384 शब्दों से बना है, दुनियां का सबसे बड़ा भारत का संविधान है जोकि **कठोर एवं लचीला दोनों है |**

विश्व का सबसे कठोर संविधान किस देश का है?

U.S.A. (अमेरिका)

दुनियां में सबसे पहले पहले संविधान का विचार किसने दिया था?

ब्रिटेन के सर हेनरी ने सर्वप्रथम संविधान का विचार दिया था

किस देश के संविधान को, संविधान का जनक कहा जाता है?

ब्रिटेन के संविधान को संविधान का जनक कहा जाता है |